

नवभारत 03
सतना गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025

# सखौहां पंचायत का 10 लाख का चेक डेम ध्वस्त

## एक साल बाद भी नहीं हुई जांच, जनपद पंचायत क्षेत्र का मामला, जिला एवं जपं सीईओ को जनपद सदस्य ने सवालों में घेरा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। जिले के सखौहां ग्राम पंचायत के सलेयाडाड़ पश्चिम लल्ला प्रसाद साकेत के मोहल्ले में नाले पर करीब 10 लाख रूपये की लागत से एक साल पूर्व चेक डैम का निर्माण कार्य क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत के द्वारा कराया गया है, लेकिन गुणवत्ता विहीन चेक डैम 2024 के पहली बारिश में ही ध्वस्त हो गया था। जिसकी जांच आज तक पूर्ण नही हो पाई।**

दरअसल जनपद पंचायत क्षेत्र बैढ़न के ग्राम पंचायत सखौहां अंतर्गत लल्ला साकेत के घर के पास मनरेगा एवं 15वां वृत्त से करीब 10 लाख रूपये की लागत से क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत के द्वारा चेक डैम का निर्माण कार्य वर्ष 2023-24 में पूर्ण हुआ था, लेकिन अत्यंत घटिया कार्य होने के चलते एक ही बारिश में 10 लाख रूपये की लागत से बना चेक डैम पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। इसकी शिकायत कई बार स्थानीय ग्रामीणों के जनपद एवं जिला पंचायत सीईओ के यहां की गई, लेकिन तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ ने की गई, जिसमें जनपद पंचायत के सीईओ को पिछले वर्ष जांच मिली। परंतु एक साल बाद भी जांच का नतीजा नही निकला। यहां के कई ग्रामीणों का आरोप है कि जनपद पंचायत के अधिकारियों का सरपंच एवं सचिव के साथ-साथ रोजगार सहायक को संरक्षण मिला है। इसी के चलते ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर है। यह भी आरोप है कि चेक डैम कमीशनखोरी के भेंट चढ़ गया है। सहायक यंत्री, उपयंत्री, पीसीओ का कमीशन फिक्स है। इसीलिए कार्रवाई नही होती। जनपद पंचायत में भी भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी चरम पर है। यहां ग्रामीणों ने बताया कि अब शिकायत करने का कोई मतलब नही रह गया है। जब एक साल में भी भ्रष्टाचार की जांच नही हो पाई, तो अधिकारियों से क्या उम्मीद करें, यहां के ग्रामीणों ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।




### पंचायत क्षेत्र में चारों तरफ भ्रष्टाचार : पारसनाथ



जनपद सदस्य पारसनाथ ने आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत बैढ़न की ऐसी कोई ग्राम पंचायत अछूती नहीं है, जिस ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का जाल ना बिछाया गया हो, जिस भी ग्राम पंचायत में देखिए, लगातार ग्राम पंचायत में सरपंच-सचिवों के द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है, और भ्रष्टाचार करें भी क्यों ना, जिस राशि से गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य किया जाना है, उस राशि को सरपंच-सचिव अधिकारियों को चढ़ावा चढ़ा रहे हैं और चढ़ावा नहीं चढ़ाने पर टीएस/एस नहीं हो पता है। सरपंच-सचिव रोजगार सहायक परेशान होते हैं और उनकी भी मजबूरी हो गई है कि चढ़ावा देना ही पड़ता है और जब अधिकारियों को चढ़ावा दे देते हैं तो यह भी अपने मनमानी पर उतारू होते हैं। निर्माण कार्य भगवान भरोसे होता है और इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

### एक वर्ष में भी नहीं हो पाई जांच

सखौहां ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का आरोप है कि करीब एक वर्ष से शिकायत जनपद एवं जिला पंचायत में की गई। जिम्मेदार अधिकारियों ने जांच कराने का भरोसा दिया, परंतु किस तरह से जांच हुई और नही हुई तो, वजह क्या है ?, इसका जवाब भी जनपद एवं जिला पंचायत के अधिकारी नहीं दे रहे हैं। इसके पीछे कारण क्या है, वह जगजाहिर है। जनपद पंचायत सीईओ से निष्पक्ष जांच की उम्मीद भी नही की जा सकती है। ग्राम पंचायतो में किस तरह से अनियमितताएं हो रही हैं, वह जगजाहिर है। उपयंत्री एवं सहायक यंत्री ऑख बंद कर कार्यो का मूल्यांकन करते हैं। उसका मूल वजह कमीशन है। अच्छा काम करने पर भी फिक्स कमीशन देना पड़ता है।

# बाइक सवार युवक हुआ दुर्घटनाग्रस्त, तोड़ा दम

## माड़ा थाना क्षेत्र के धरी गांव में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। माड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम धरी में बाईक सवार एक युवक तेज रफ्तार से चलाते हुये स्वयं फिसल कर गिर पड़ा। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक ग्राम रम्पा का निवासी है। यह घटना आज दिन बुधवार की शाम करीब 5 बजे की है।**

माड़ा थाना प्रभारी टीआई शिवपूजन मिश्रा के अनुसार ग्राम रम्पा निवासी संतराम यादव पिता रामस्वरूप यादव उम्र 30 वर्ष निवासी रम्पा अपनी मोटरसाइकिल में सवार होकर तेज रफ्तार से जा रहा था कि धरी में अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। जहां युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम रवाना किया गया, पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

माड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलखूथ सड़क मार्ग में आज दिन बुधवार की देर शाम करीब 7 बजे बाईक सवार दंपत्ति माड़ा से रजमिलान तरफ आ रहे थे कि बस के ठोकर से घायल हो गये। घायलों में प्रमोद सिंह की हालत गंभीर है। मौके पर पुलिस पहुंच घायलो को तत्काल उपचार के लिए माड़ा अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चुड़ी निवासी प्रमोद सिंह पिता अतिबल सिंह अपने पत्नी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर माड़ा से रजमिलान तरफ आ रहे थे कि आज देर शाम एक तेज सवारी बस ने ठोकर मार दिया। जहां बाईक सवार प्रमोद सिंह एवं उनकी पत्नी जमीन पर गिर पड़ी, जिसमें प्रमोद सिंह को गंभीर चोटे आई हैं। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से उपचार के लिए माड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### एक नजर में

#### जियावन टीआई लाइन अटैच रोशनी को मिला प्रभार



**सिंगरौली।** जियावन टीआई डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह को एसपी ने लाईन अटैच करते हुये प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशनी कुर्मी को थाना का प्रभारी बनाया है। जानकारी के अनुसार परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक को 13 सप्ताह की अवधि के लिए ग्रामीण पुलिस थाना का स्वतंत्र प्रभार दिये जाने के निर्देश म.प्र. पुलिस अकादमी भोपाल के द्वारा दिया गया है। जहां पुलिस अधीक्षक ने परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक रोशनी कुर्मी को उक्त अवधि के लिए थाना जियावन के प्रभारी पद पर स्वतंत्र रूप से प्रभार सौपा है। साथ ही निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह थना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक रक्षित केन्द्र सिंगरौली में पदस्थ किया है।

#### जमीन की जोताई को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**सिंगरौली।** गढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम घोघरा में पिछले दिनों बैस एवं बैग परिवार के बीच जमकर मारपीट हुई। जहां गढ़वा पुलिस ने उभयपक्षों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार घोघरा निवासी शंकर बैस के पट्टे की भूमि को लेकर बैगा परिवार बेजा कब्जा करता आ रहा था। एसडीएम न्यायालय से स्थगन आदेश के बावजूद बैगा परिवार जमीन पर कब्जा करने जा रहा था। जबकि शंकर बैस अपने साथियों के साथ खेत को जोत लिया था। बैगा परिवार की ओर से रमापति बैगा अपने अन्य साथियों के साथ उक्त जमीन पर पहुंच जोताई-बोआई का विरोध करने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। हालांकि मौके से पुलिस घटना स्थल पहुंच स्थिति को नियंत्रण कर मामले को शांत कराया।



# विधायक व कलेक्टर ने उरती गौशाला में पहुंच कर किया गोवर्धन पूजा

## गौ माताओं को खिलाए गुड़, चना और पूड़ी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। स्थानीय विधायक रामनिवास शाह एवं कलेक्टर गौरव बैनल ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत उरती में स्थित गौशाला में पहुंच कर गोवर्धन पूजा उत्सव में शामिल होकर गोवर्धन की पूजा किए।**

पूजा स्थल में सीडा अध्यक्ष प्राधिकरण दिलीप शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह सहित अन्य मौजूद थे। विधिवत पूजा अर्चन पश्चात विधायक, कलेक्टर एवं अन्य अतिथियों ने गौशाला में गौ माताओं का पूजा अर्चन कर उन्हें गुड़, चना और पूड़ी भी खिलाया। तत्पश्चात गौशाला के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण के लिए बरगद और पीपल के पौधों का रोपण किया। साथ ही प्राधिकरण अध्यक्ष, ननि अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। वहीं गौशाला में कार्यरत गौसेवकों को कम्बल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जन मानस से कलेक्टर गौरव बैनल रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुए एवं मौके पर उपस्थित ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपस्थित जन मानस के समस्याओं के आवेदन प्राप्त करें तथा समस्याओं का निराकरण निर्धारित समय में किया जाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त सीईओ अरविंद डामोर, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, सीईओ जनपद अजीत बरवा, सहित अधिकारी गण मौजूद रहे।

# रेहड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर युवक की निर्मम हत्या

## गढ़वा पुलिस ने आरोपियों को 48 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार, हत्या का हुआ खुलासा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। गढ़वा थाना क्षेत्र के रेहड़ा गांव में गत दिवस जमीनी विवाद एवं खेत की जोताई को लेकर करीब आधा दर्जन आरोपियों ने एक युवक पर लाठियां एवं धारदार हथियार से हमला कर मौत की नींद सुलाते हुये भाग खड़े हुये थे।**



घटना की सूचना टीआई विद्यावारिधि तिवारी ने अलग-अलग टीमे गठित कर फरार आरोपियों को सूचना के 48 घंटे के अंदर आरोपियों को दबोचने में सफल रहे। टीआई ने यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में किया है। गढ़वा पुलिस ने हत्या की गुत्थी का खुलासा करते हुये बताया है कि फरियादी हरीशचन्द्र बसोर पिता गल्होरी बसोर उम्र 28 वर्ष निवासी रेहड़ा द्वारा रिपोर्ट किया कि 19 अक्टूबर को आरोपी गुलाब बसोर किसी के ट्रैक्टर से अपना खेत जोतवा रहा था तो आहत सुरेश बसोर पिता गल्होरी बसोर उम्र 30 वर्ष निवासी रेहड़ा मेढ़ को जोतवा दिया, जिससे सुरेश बसोर ने जाकर मना किया, उसी रंजिश की बात को लेकर शाम करीब 7 बजे आरोपी गुलाब बसोर पिता छोटे लाल बसोर एवं अन्य तीन आनन्द बसोर पिता गुलाब बसोर, आशा बसोर पति गुलाब बसोर, एक विधि विरूद्ध बालक सभी निवासी ग्राम रेहड़ा के द्वारा माँ-बहन की अश्लील गाली देकर सुरेश बसोर को लाठी एंव बरछा से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 109, 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी, जहां सुरेश का ईलाज के दौरान जिला चिकित्सालय बैढ़न में 20 अक्टूबर को मौत हो गई, जिससे मामले में धारा 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्रवाई में टीआईविद्यावारिधि तिवारी, उनि सुरेश वर्मा, सीके प्रजापति, सउनि रामचरण सतनामी, प्रआर पुष्पराज सिंह, आर अमित यादव, नवीन सिंह, अजीत उपाध्याय, महेश जादव, बिट्टू सिंह, जयप्रकाश पाल, चन्दन हटीला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कलेक्टर से फिर मिले आप एवं कांग्रेस के पार्षद

## ननि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। नगर निगम के ननि अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने को लेकर आज दिन बुधवार को कलेक्टर से आम आदमी पार्टी, बसपा एवं सपा के पार्षद मिले। जहां इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा की। हालांकि कलेक्टर ने कहा कि अवकाश के चलते विचार नही हो पाया। शीघ्र ही इस पर निर्णय लिया जाएगा।**



बहुजन समाज पार्टी व आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के कुछ पार्षद कलेक्टर से मुलाकात करते हुये ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने को लेकर पुराने ज्ञापन पत्र को सौपा। इस अवसर पर पार्षद वार्ड 43 मो. खुर्शीद आलम, शत्रुघ्न लाल शाह, प्रेम सागर मिश्रा, अनिल कुमार बैस एवं अपीलीय समित सदस्य सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य ने कलेक्टर से प्रगति के बारे में की चर्चा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। कलेक्टर गौरव बैनल से सीधी-सिंगरौली से दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य सुरेश गिरि ने मुलाकात कर बीएसएनएल सेवाओं के लिए एक महीने में हुए नवीन प्रगति की जानकारी से अवगत कराया।**



सुरेश गिरि ने आज बुधवार को कलेक्टर से मुलाकात कर दूर संचार विभाग में विगत दिनों हुए नवाचार और प्रगति के बारे में विधिवत जानकारी और प्रतिवेदन रखते हुए बताया कि दूरसंचार विभाग ने बहुत सारे नवाचार किए हैं, जिससे प्रभावित होकर बहुत सारे मोबाइल उपयोगकर्ता अब जियो, एयरटेल और आइडिया के सिम को बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे हैं।

# स्कूटी से विदेशी शराब लेकर बेचने जा रही थी महिला

## पुलिस को देख स्कूटी व शराब छोड़कर भागी महिला, शराब जब्त, महिला की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**बरगवां 22 अक्टूबर। स्थानीय थाना क्षेत्र के डगा तिराहा के पास पुलिस ने एक संदिग्ध स्कूटी चालक महिला को घेरी, जहां महिला स्कूटी छोड़ कर भाग गई। स्कूटी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लोड थी और महिला उसे बेचने जा रही थी। पुलिस ने शराब एवं स्कूटी को जप्त कर महिला की तलाश में जुट गई है।**





जानकारी के अनुसार बरगवां पुलिस को दौरान रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की तेलदह तरफ से आरोपी रामकली पनिका अपनी नीले कलर की स्कूटी वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडए 8303 में अंग्रेजी व देशी शराब लोड कर के उज्जैनी जाने के लिए बरगवां तरफ आ रही है। सूचना पर थाना प्रभारी बरगवां द्वारा पुलिस टीम गठित कर रवाना किया जाकर डगा तिराहा के पास उक्त स्कूटी वाहन शराब लोड खड़ी मिली, वहीं आरोपी महिला स्कूटी छोड़ फरार हो गई थी। पुलिस को उसके वाहन से 49 पाव देशी प्लेन शराब, 43 पाव अंग्रेजी गोवा व्हिस्की, 48 पाव मैकडेवल व्हिस्की, 66 नग पावर केन बियर कुल 58.2 लीटर कीमत 26 हजार 699 की शराब मिली है। स्कूटी चालक रामकली पनिका निवासी उज्जैनी के द्वारा स्कूटी में अवैध शराब लोड कर परिवहन करने पाये से उसके विरुद्ध धारा 34 (2)आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर उक्त वाहन को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक मो. समीर, सउनि विनोद मिश्रा, प्रआर फूल सिंह, संजय यादव, आर औरीश गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सहभोज कार्यक्रम में शामिल हुए अनेकों गणमान्य जन

नवभारत न्यूज

**देवसर 22 अक्टूबर। सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक की धर्मपत्नी स्व. हीराकली पाठक के देवलोकगमन उपरांत सुपेला-देवसर स्थित निज निवास पर द्वादश, शुद्धिकरण एवं सहभोज कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।**



कार्यक्रम में धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सीधी विधायक रीती पाठक, त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष सीधी देव कुमार सिंह, पूर्व विधायक सिंगरौली रामलल्लू वैश्य तथा पूर्व विधायक देवसर सुभाष वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गणमान्य जन आत्मीय जनों की उपस्थित रही। सभी अतिथियों ने विधायक विश्वामित्र पाठक से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की और इस दुखद घड़ी में परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

# जिलेवार ग्रेडिंग में सिंगरौली पुलिस प्रदेश में दूसरे स्थान पर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायतों के निराकरण में बीते दिन मंगलवार को जारी जिलेवार ग्रेडिंग में सिंगरौली जिले ने कुल 93.05 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेडिंग प्राप्त करते हुए प्रथम समूह में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।**

एसपी मनीष खत्री एवं उनकी टीम के द्वारा प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत मुलाकात कर शिकायतों का निराकरण कराया गया। द्वितीय स्थान अर्जित करने पर एसपी ने जिले के पुलिस सेवको के कार्यो की प्रशंसा कर सभी को बधाई एवं टीम के उत्साहवर्धन के लिए नगद राशि से पुरस्कृत किया गया है। उक्त शिकायतकर्ता के द्वारा की गई शिकायत को संबंधित विभाग को ट्रांसफर कर उसे जल्द से जल्द निकाल के लिए संबंधित लेवल 1 अधिकारी के पास भेजी जाती है। जिसका वरिष्ठ कार्यलयों द्वारा सुपरविजन किया जाता है।

# `कलेक्टर के संवाद में दिव्यांग बच्चों ने कहा मुझे डॉक्टर, शिक्षक एवं पुलिस अधिकारी बनना है

## कलेक्टर ने सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई दिवाली, दिवाली पर कलेक्टर को अपने बीच पाकर बच्चों के चेहरे में आई मुस्कान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 अक्टूबर। प्रकाश के पर्व दीपावाली के शुभ अवसर पर कलेक्टर गौरव बैनल ने दिव्यांग बच्चो के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास बैढ़न नव प्रवाह समिति द्वारा संचालित छात्रावास में पहुंचकर दिव्यांग बच्चों का कुशलक्षेम जाना एवं मिठाई खिलाकर उनका मुह मीठा किया।**

कलेक्टर ने बच्चों से रूबरू होकर उनके पाठन-पाठन की जानकारी ली। दिव्यांग बच्चो का फूल माला पहनाकर उनकी हौसला अफजाई करते हुये कहा कि आप की शिक्षा, रहन सहन की जिम्मेदारी मेरी है। आपकी जो भी मूलभूत जरूरते होंगी उसे पूरा किया जायेगा। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद करते हुए पूछा कि आप सब क्या बनना चाहते हैं, जिस पर बच्चों ने अपने रूचि अनुसार किसी ने बताया कि मुझे डॉक्टर बनना है, शिक्षक बनना है। पुलिस अधिकारी बनाना है। कलेक्टर ने




बच्चों से कहा कि अगर आप लोगो को किसी भी प्रकार समस्या हो रही है तो आप मुझे बता सकते हैं। इस दौरान डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, एपीसी संजय श्रीवास्तव, समिति के संचालक अमिति द्विवेदी सहित अन्य मौजूद रहे।

### बच्चों ने कलेक्टर से कम्प्यूटर सिस्टम मांगा

संवाद के दौरान बच्चों ने कलेक्टर से कम्प्यूटर सिस्टम की मांग की, जिस पर कलेक्टर द्वारा बच्चों को कंप्यूटर मुहैया कराना का निर्देशित किया और बच्चों को आश्वस्त किया कि जल्दी ही उनके पास कंप्यूटर होगा। कलेक्टर ने बच्चों को दीपावली की शुभकामाना देते हुये कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज आप लोगो के साथ दीपावली का त्योहार मना रहा हूँ। यह पावन पुण्य त्योहार ईश्वर के प्रति समर्पण की अभिव्यक्ति है। आज आप सबके बीच आकर त्योहार मनाने से मेरा मन प्रफुल्लित है। वही दीपावली के शुभ अवसर पर अपने बीच कलेक्टर को पाकर बच्चो के चेहरे में मुस्कान आ गई। कलेक्टर ने छात्रावास का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावास में जो भी कमिया हैं उनका तत्काल निदान करे। बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए।